गांव को स्वच्छ रखने स्वभाव और संस्कार ... पृष्ठ 2 | वन विभाग के दैनिक वेतन भोगी हड़ताली... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


रविवार, 22 सितंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 338, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

## लोहारीडीह हिंसा : लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है, जिसे पीएचक्यू भेजे हैं उसे जेल भेजिए - भूपेश बघेल, पूर्व सीएम को बिरनपुर याद है - विजय शर्मा

**रायपुर।** कवर्धा के लोहारीडीह हिंसा कांड पर सियासी आग ऐसे लग चुकी है कि ये धीरे-धीरे और फैलती ही जा रही है. कांग्रेस ने इसे बड़ा मुद्दा बना लिया और बयानों और आरोपों के साथ सरकार के खिलाफ सीधे सड़क पर उतर आई है. जिस मुद्दे को लेकर कांग्रेस आज सड़क पर आंदोलनरत है यह तय है कि यह मुद्दा आगामी दक्षिण उपचुनाव, निकाय और पंचायत चुनाव में भी उठेगा और सड़क और चुनावी शोर के बाद सड़क की लड़ाई सदन तक पहुँचेगी. क्योंकि कांग्रेस की रणनीति आगामी दिनों में और आक्रमक रहेगी. तभी तो पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज पत्रकारों से चर्चा में यह ऐलान कर दिया कि यह लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है. हिंसा प्रभावित हर व्यक्ति के न्याय तक लड़ते रहेंगे. कलेक्टर और एसपी को हटाने से काम नहीं चलेगा. एसपी को पुलिस मुख्यालय भेजने से काम नहीं चलेगा, उन्हें जेल भेजना चाहिए.

भूपेश बघेल ने शासन-प्रशासन पर गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा कि गृहमंत्री के क्षेत्र में कानून का हाल ऐसा है तो फिर भरोसा जनता किस पर करेगी. एक ही घटना में तीन-तीन हत्या हो जाना और फिर उसमें लीपापोती करने की कोशिश करना यह बताता है कि सिस्टम चल किस तरह है. कांग्रेस इस मामले में सरकार पर दबाव नहीं बनाती तो मामला दबा दिया जाता. मैं तो लोहारीडीह होके आया हूँ, खौफका मंजर है.




प्रशांत साहू की जिस तरह पुलिस पिटाई में हत्या हुई है वह दर्दनाक है. उनके परिवार वाले मीडिया के सामने नहीं आते कई बातें छिपी रह जाती. अभी तो यह भी जानकारी आई है कि कई और लोग हैं जो पुलिस पिटाई से गम्भीर रूप से घायल हैं. उन्होंने कहा कि अस्पताल में भर्ती घायलों ने हमने मिलने की कोशिश की लेकिन मिलने नहीं दिया जा रहा है. पता चला है कि अंबडेकर अस्पताल में 7 लोगों को गोपनीय तरीके से भर्ती कराया गया, जिनका इलाज चल रहा है.

**पूर्व मुख्यमंत्री को बिरनपुर याद है- विजय शर्मा**

वहीं भूपेश बघेल के आरोपों पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने पलटवार करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को बिरनपुर याद है. उन्हें नहीं भूलना चाहिए कांग्रेस की सरकार में किस तरह से साम्प्रदायिक हिंसा फैला था ? किस तरह से भुनेश्वर साहू नामक युवा की हत्या कर दी गई थी. तब एक भी मंत्री गाँव पहुँचने की हिम्मत नहीं जुटा पाए थे. गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कवर्धा में जब लोगों को पीटा गया था, तब किसको सस्पेंड किया था. उन्हें पुरस्कृत किया गया था, जिन्होंने डंडे मारे थे. हमने मुख्यमंत्री से भी कहा कि किसी को भी वहां जाना चाहिए तो जरूर जाएं. गृह मंत्री ने बताया कि उन्होंने पुलिस वालों से भी कहा है कि वे इस मामले की जांच करें, क्योंकि मामला गंभीर है. इसमें पूरी तरह से मजिस्ट्रीयल जांच होगी. जो निर्दोष हैं उन्हें छोड़ा जाएगा. उन्होंने अपना नम्बर जेलर को दिया और कहा, अगर कोई भी महिला बंदी उनसे बात करना चाहे तो उनसे बात कराएं.

## कांग्रेस के प्रदेश बंद का मिला-जुला असर







**रायपुर।** लोहारीडीह कांड को लेकर कांग्रेस द्वारा बुलाए गए प्रदेश बंद का असर मिला-जुला देखने को मिला. किसी जिला में बंद असर देखने को मिला, तो कहीं बंद का असर नजर नहीं आया. बंद को सफल बनाने के लिए राजधानी रायपुर में सुबह से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के साथ महापौर एजाज ढेबर और अन्य कांग्रेस के नेता-नेत्री सक्रिय नजर आए. पीसीसी चीफदीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ बंद सफल रहा.

बस्तर संभाग में कांग्रेस के बंद का मिला-जुला असर देखने को मिला. कांकेर में चेंबर ऑफकॉमर्स ने बंद का समर्थन नहीं किया, वहीं बीजापुर में कुछ दुकानें बंद रहीं और कुछ खुली रहीं. जगदलपुर में कांग्रेस कार्यकर्ता सुबह से ही रैली की शक्ल में निकलकर चाय और नाश्ते की दुकानों को बंद करवाते नजर आए.बंद के दौरान विवाद की स्थिति ना बने, इसके लिए चौक-चौराहों और बाजारों में पुलिस बल की तैनाती की गई. इसके अलावा कांग्रेस की रैली के साथ-साथ पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ियां भी चल रही थीं, ताकि कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो.

**छत्तीसगढ़ बंद को सफल बनाने राजधानी की सड़क पर घुमते रहे पीसीसी चीफ दीपक बैज, कहा - बंद रहा सफल**

**कवर्धा में बंद का व्यापक असर**

कांग्रेस के प्रदेश बंद का कवर्धा में व्यापक असर देखने को मिल रहा है. शहर में व्यापारियों ने दुकानें बंद रखी हैं. सराफा लाइन से लेकर बस स्टैंड, मेन मार्केट और रायपुर रोड की सभी दुकानें बंद हैं. केवल आपातकालीन सुविधाएं, मेडिकल दुकानें और इक्का-दुक्का दुकानें खुली नजर आ रही हैं.

**दुकान बंद करने से मना करने पर भड़के कांग्रेसी**

बिलासपुर में बंद का मिला जुला असर देखने को मिल रहा है. शहर में सुबह-सुबह खुलने वाले ठेले, किराना की अधिकतर दुकानें आम दिनों की तरह खुली थीं. बंद को सफल बनाने निकले कांग्रेस नेताओं की जूना बिलासपुर में दुकान बंद करने से मना करने वाले दुकानदार से बहस हो गई. हो-हंगामा देख पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत कराया. कांग्रेसी नेता शहर के अलग-अलग इलाकों में बंद को लेकर समर्थन मांगने पहुंच रहे हैं. कांग्रेस नेताओं के आग्रह पर दुकानदारों ने दुकान तो बंद कर दी, लेकिन नेताओं के जाने कुछ देर बाद ही शटर फिर से खोल दिए. बंद को देखते हुए पुलिस व प्रशासन ने भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर रखी है, और पुलिस के जवान बड़ी संख्या में तैनात किए गए हैं.

सरगुजा जिले में कांग्रेस के बंद का असर देखने को मिला. कांग्रेस के जिलाध्यक्ष समेत पार्टी के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्त्ता सड़कों पर उतरे और दुकानदारों से प्रदेश बंद को सफल बनाने अपील की. अंबिकापुर के व्यापारियों ने कांग्रेस के बंद का समर्थन करते हुए दुकानों को बंद किया.

कांग्रेस के प्रदेश बंद का सक्ती में बंद का असर देखने को नहीं मिला. व्यापारियों ने कांग्रेस के बंद को समर्थन नहीं दिया, यहां तक कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने अपने खुद के प्रतिष्ठान वंदना इंजीनियरिंग और वंदना इलेक्ट्रिक खुले रखे. कांग्रेस जिला अध्यक्ष की देखा-देखी अन्य व्यापारियों ने भी अपनी-अपनी दुकानें खुली रखीं. कवर्धा में लोहरीडीह में हुए हत्याकांड के विरोध में प्रदेश बंद के आह्वान को सफल बनाने के लिए राजनांदगांव में भी कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता सुबह से निकले.

## बस्तर के नक्सल पीड़ित परिवारों ने राष्ट्रपति से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर शांति समिति के बैनर तले माओवादी हिंसा से पीड़ित लोग अपने अधिकारों और शांति की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर च्च्केंजा नक्सली-मनवा माटाज्ज्



(सुनो नक्सली हमारी बात) आंदोलन करने पहुंचे है। इसी कड़ी में शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र के माओवादी हिंसा के पीड़ित परिवारों से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान राष्ट्रपति ने कहा कि किसी भी उद्देश्य के लिए हिंसा का सहारा लेना उचित नहीं है, क्योंकि यह समाज के लिए हमेशा भारी नुकसानदायक साबित होता है। राष्ट्रपति ने वामपंथी उग्रवादियों से अपील की कि वे हिंसा का मार्ग छोड़ें और मुख्यधारा में शामिल हों। उन्होंने आश्वासन दिया कि जो भी समस्याएं वे उजागर करना चाहते हैं, उन्हें हल करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। राष्ट्रपति ने महात्मा गांधी द्वारा अहिंसा के मार्ग पर चलने के सिध्दांत का जिक्र करते हुए कहा कि लोकतंत्र का रास्ता भी यही है। इस हिंसा से त्रस्त दुनिया में हमें शांति और सहिष्णुता के मार्ग पर चलने की कोशिश करनी चाहिए।

गौरतलब है कि इससे पहले नक्सल पीड़ितों ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। उस दौरान शाह ने कहा था कि मोदी सरकार ने बस्तर के 4 जिलों को छोड़कर पूरे देश में नक्सलवाद को खत्म करने में सफल रही है। वहीं देश से नक्सलवाद को अंतिम विदाई देने के लिए 31 मार्च 2026 की तारीख तय की गई है। गृह मंत्री ने नक्सलवाद को खत्म करने के साथ-साथ नक्सलियों से आत्मसमर्पण कर अपने हथियार को छोड़ने की अपील की थी। इसके बाद बीते शुक्रवार नक्सल पीड़ित वामपंथ के गढ़ जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) पहुंचे थे। कई पीड़ितों के विकलांग होने के बाद भी इनकी बस जेएनयू के बाहर रोक दी गई। ऐसे में वैकल्पिक साधन लेकर जेएनयू पहुंचे और अपनी समस्या से अवगत कराया।

## जादूटोला में हुआ रक्तदान शिविर 27 रक्तवीरो ने किया रक्तदान

**अम्बागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** सत्यम ब्लड ग्रुप के संयोजन से जादू टोला स्कूल प्रांगण में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय



जादूटोला के 50 वीं स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर हुआ जिसमें थैलेसीमिया और सिकलीन पेशेन्ट के लिए 27 रक्तवीरो द्वारा रक्तदान किया। रक्तदान एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जादूटोला 50 वीं स्थापना दिवस के मुख्य अतिथि श्रीमती गीताघासी साहू जिला पंचायत सरपंच, श्रीमती सुकारों बाईं , उपसरपंच श्री उदय प्रकाश, विष्णु नेताम, श्री सन्तोष धुर्वे ग्ा्मपटेल देवनारायण नेताम ,जनक सिन्हा श्री डोमन सिन्हा ,सरपंच श्री सुभाष परतेती , श्री पुरन साहू शाला समिति के अध्यक्ष ,श्री नीलकंठ कोमरे शिक्षक, श्री ईश्वर साहू भगत उइके , गोपीकृष्ण सिन्हा बिसनाथ कोमरे ,नकुल जनबन्धु ,सागर सिन्हा इतवारी राम साहू ,प्रफुल्ल भंडारी ,रामदेव चन्द्रवशी, श्री विमल साहू अजय कुमार, भुपेश सिन्हा चित्रांगन साहू स्कूल के सभी शिक्षकों एवं समस्त ग्राम वासियों का सहयोग रहा।

## डोंगरगांव व्यापारियों ने न्याय के लिए समर्थन कर सभी दुकाने बंद रखे

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कवर्धा जिले के ग्राम लोहारीडीह में हुई हत्या,आगजनी में झुलस कर कवर्धा कांड के नाम से पहचान बनाने वाली घटना जिसमे पुलिस कस्टडी में प्रशांत साहू और अन्य जनों को बर्बरता से पिटाई करने और तीन लोगो की कस्टडी में हुई मौत,ध्वस्त कानून व्यवस्था के विरोध में गृहमंत्री के बर्खास्तगी और पीड़ितजनों के न्याय के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा छत्तीसगढ़ बंद का आह्वाहन 21 सितंबर को किया गया जिसका असर डोंगरगांव शहर में भी देखने को मिला नगर के सभी दुकान पान सेंटर होटल किराना दुकान इनके अलावा फुटकर सब्जी विक्रेता के अलावा सभी लोगो ने पूरी तरह बंद का समर्थन किया पीसीसी द्वारा उक्त घटना की जांच हेतु समिति बनाई गई जिसमें मुख्य संयोजक क्षेत्र के विधायक दलेश्वर साहू को बनाया गया लगातार चार दिनों से घटना स्थल का दौरा कर रहे विधायक साहू अपने कार्यालय पहुंचकर ब्लॉक अध्यक्ष सहित प्रमुखजनों को बैठक लेकर बंद के लिए व्यापारियों से समर्थन मांगने का निर्देश जारी किए। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कांग्रेसियों द्वारा एक दिन पहले ही व्यापारियों से बंद के लिए अनुरोध किया गया



व्यापारियों ने भी 100त्न बंद का समर्थन दिया आवश्यक सेवाओं को छोड़कर नगर की सारी दुकानें होटल सब्जी बाजार सभी बंद रही इस बीच कांग्रेसियों ने सड़क बाजार में घूमकर भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की साथ ही पुलिस के साथ झुमाझटकी के बावजूद गृहमंत्री,मुख्यमंत्री का पुतला दहन करने में सफल रही। बंद को मिले समर्थन के लिए ब्लॉक अध्यक्ष चेतन साहू व शहर जोन प्रभारी अखिलेश नखत ने व्यापारीगण सहित प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सभी सहयोगियों के प्रति आभार प्रेषित किएमीडिया प्रभारी रवि शुक्ला ने बताया है कि बंद को समर्थन मांगने मुख्य रूप से ,हीरा निषाद,ललित लोढ़ा,विरेंद्र बोरकर,संजय मुटकुरे,गणेश साहू,जमुना साहू,संध्या साहू,श्रुति शुक्ला,वैशाली बोरकर,सतीश वैष्णव,रोशन यदु,महेंद्र वैष्णव,डॉ.नरेंद्र साहू,प्रियंक जैन,सद्दाम खत्री,सोमन साहू,प्रदीप रत्नाकर,श्याम सुंदर लौत्रे,रितेश राजपूत,शशांक खोबरागढ़े,नियाजुद्दीन सोलंकी,अब्दुल खान,वैभव बोरकर,रफीक खान,पुष्पेंद्र नेताम,चंद्रशेखर उइके,कुंभ जोशी,सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## कुमरदा भी समर्थन में बंद रहा



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार जिला कॉन्ग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू के आव्हान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमरदा अध्यक्ष अब्दुल खान के नेतृत्व में वर्तमान सरकार के लचर कानून व्यवस्था वा कवर्धा लोहड़ीगुहा में हुए हिंसा के खिलाप आज एक दिन छत्तीसगढ बंद के समर्थन वा लोगो से आग्रह करने सुबह से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय कुमरदा सहयोग करते कांग्रेस के सभी साथी जिसमे ,प्रमुख रूप से गिरिश सोनवानी लालचंद साहू , कांति भंडारी लक्ष्मी साहू देव पंद्रो पन्ना साहू अन्य साथी और स्थानीय ग्रामीण कार्यकर्ता शामिल थे।

## सचिव की शिकायत, विक्रमपुर के ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** विक्रमपुर के ग्रामीणों ने अपनी समस्या बताते हुये सचिव कुंजलाल वर्मा को सचिव पद से हटाने के लिये



कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा हैं। ग्रामीणों ने मामले को लेकर शिकायत की है कि सचिव कुंजलाल द्वारा ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी मर्जी अनुसार कार्य किया जाता है और शासन द्वारा मिलने वाली योजनाओं से ग्रामवासियों को वंचित रखा जाता है वहीं सचिव ने अपनी मनमानी करते हुये प्रधानमंत्री आवास योजना 2011 की जनगणना सूची में जिन लोगों का नाम है उनमें से कई लोगों का नाम काट दिया हैं। कलेक्ट्रेट परिसर में ग्रामीणों ने अपनी इस समस्या को लेकर एडिशनल कलेक्टर श्री पटेल को ज्ञापन सौंपा और सचिव को पद से हटाने की मांग की हैं।

## शराब दुकान तत्काल नहीं हटी तो उग्र आंदोलन होगा - हेमा देशमुख



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** चिखली वार्ड में आबकारी विभाग द्वारा खोले गए शासकीय शराब दुकान के विरुद्ध कांग्रेस नेताओं ने आज चक्का जाम किया, महापौर हेमा देशमुख की अगुवाई में किए गए चक्का जाम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सयुंक्त महामंत्री पदम कोठारी, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, शारदा तिवारी, माया शर्मा, अमर झा सहित कांग्रेस के पदाधिकारीगण और बड़ी संख्या में वार्ड के नागरिक उपस्थित थे। पूर्व निर्धारित घोषणा के अनुसार आज चिखली पेट्रोल पंप के पास कांग्रेस जन, पार्षदगण, एवं वार्ड के नागरिक एकत्रित हुए और चिखली में आबकारी विभाग द्वारा खोले गए शराब भट्टी के विरोध में चक्का जाम किया उक्त अवसर पर बड़ी संख्या में पुलिस के जवान एवं अधिकारी तैनात थे जिला प्रशासन की ओर से एडिशनल कलेक्टर खेमलाल वर्मा, सीएसपी नायक और जिला आबकारी विभाग के उपायुक्त राठौर उपस्थित थे लगभग आधे घंटे चक्का जाम करने के पश्चात एडिशनल कलेक्टर ने जिला प्रशासन की ओर से अपना पक्ष रखा और कहां कि हम शासन को उक्त दारू भट्टी के संबंध में अवगत कराएंगे। महापौर हेमा देशमुख ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को च्चेतवनी देते हुए कहा कि यदि तत्काल उक्त शराब दुकान नहीं हटाया गया तो वार्ड के नागरिकों के साथ कांग्रेस के पदाधिकारीयों के साथ उग्र आंदोलन किया जाएगा इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री पदम कोठारी, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, शारदा तिवारी, पार्षदगण संतोष पिल्ले, सिद्धार्थ डोंगरे, सतीश मसीह, अरविंद वर्मा, पूर्णिमा नागदेवे, गणेश पवार अमीन हुड्डा, सचिन तुरहटे, पूर्व पार्षद चन्द्रभान बाजपेई, पूर्व एल्डर मैन झमन देवांगन, प्रभात गुप्ता, एनएसयूआई अध्यक्ष अमर झा,



महिला कांग्रेस उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष रीना पटेल, गठला जनपद सदस्य ललिता साहू, विद्या त्रिपुरे, बबलू कसार, सुरेंद्र देवांगन, सैयद अफजल, अब्बास खान, इब्राहिम खान, शैलेश थावरे, संदीप सोनी, शेख अनीश, देवेश वैष्णव, कृष्णा मेश्राम, राजा खान, लक्ष्मण निषाद, जीतू सिंह, इरफान खान, अरुण देवांगन, लोकू यादव, प्रदीप यादव, सुनील पटले, कोमू यादव, चूरामन साहू, चंद्रिका कोसरिया, महेश साहू, अनुसुइया वर्मा, रूखमणि सही, भाना साहू, तारिणी साहू, सेवती ठाकुर, उषा साहू एवं वार्ड के समस्त नागरिक उपस्थित थे।

## ज्ञान मंथन

*1) सरस्वती सम्मान पाने वाली प्रथम महिला कौन थी?*
*2) सल्तनत एवं मुगल शासकों की राजकीय भाषा क्या थी?*
*3) चुखा जल परियोजना भारत एवं किस देश की संयुक्त परियोजना है?*
*4) क्रिकेट से जुड़े बैजबॉल शब्द को हाल ही में किस डिक्शनरी से जोड़ा गया है?*
*5) रॉबर्ट फिको किस देश के चौथी बार प्रधानमंत्री बने है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) बालामणि अम्मा (2) फ़ारसी (3) भूटान (4) कोलिन्स (5) स्लोवाकिया

## // गणेश जी की खुशी //

गणेश जी तो खुश थे
पर मूषक भी मुस्करा रहे थे।
कैलाश आकर तुरन्त
नंदी से बतिया रहे थे।
धमा चौकड़ी फिर से वहाँ मचा रहे थे
खुश आज रिद्धि और सिद्धि भी बहुत ।
विनायक लाडले को देख
पार्वती भी आई पास।
खुशी की वजह बताओ भला
क्या कोई बात है खास।
माते!सच कहूँ तो इस साल
संस्कारधानी की विसर्जन झांकी
मुझे बहुत-बहुत भाया।
बरसों बाद बैंड बाजा,ढोल,तासे
सुनने को आया।
डी.जे.की तेज आवाज,फूहड़ डांस
बढ़ जाती थी धड़कन
रूकने लगती थी साँस।
कई-कई बार हाल ऐ दिल सुनाने
उन्हें बुलाता भी था
सुनते न थे वे,न कोई भी आता था पास।
क्या कहूँ माते !
मैं रहता था उदास।
लगता कि मेरे द्वारा दिया गया
विवेक अब जगा है,
सचमुच माते! इस साल का विसर्जन झांकी
मुझे बहुत अच्छा लगा है।
पर मैं तो सुनी हूँ बेटा कि ,
डीजे वाले बाबुओं को हुआ नुकसान,
इस बात पर बेचारे बहुत हुए परेशान।
टेंशन मत लो माते !
शादी ब्याह पार्टी में पहले से ज्यादा कमाएंगे
देख लेना उनके भी अच्छे दिन आएंगे



रोशन साहू 'मोखला'
राजनांदगांव
7999840942

# वन विभाग के दैनिक वेतन भोगी हड़ताली कर्मचारी शासन प्रशासन के सांथ सांथ, सांपो से है परेशान

**रायपुर (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर राज्योत्सव मेला के समीप तुता में धरना स्थल बनाया गया है! जहां पर जल संकट, स्वास्थ्य संकट, और शौंचालय संकट के झेल रहे है इसी बीच में सांपो के भय से वन विभाग के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी त्रस्त है पूर्व में हड़ताली कर्मचारी को सर्प काट दिया था उसके बाद भी शासन प्रशासन कोई सुध नही लिया , न हमारे छत्तीसगढ़ीया वन मंत्री जी ध्यान दे रहे है न अधिकारी तीन तीन दैनिक वेतन भोगी का निधन हो चुका है! उसके बाद भी विभाग के अधिकारी हल्के में ले रहे है और दमनकारी नीति अपनाते हुये जगह जगह कार्य से पृथक किये जाने का आदेश जारी कर रहे है,

आज रात्री को हड़ताली कर्मचारी सो रहे थे उस स्थल में जहरीले करायत सांप फिर घुंस गया, उसके पहले तो एक हड़ताली कर्मचारी को काट हि दिया था जिसका ईलाज सही समय में करा दिया तो बंच गया, आज फिर सांप का लगातार धरना स्थल पहुंचना सहीं नही है अगर किसी भी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के सांथ घटना घटीत होता है तो इसके लिये शासन, प्रशासन, और विभाग के आलाधिकारी जिम्मेदार होगा ! अभी कोरबा के हड़ताली कर्मचारी श्रीमति चंदा जायसवाल जो डीएफ्ओ के बंगला में काम करती है जो हड़ताल में सामिल है तबियत बिगड़ते ही उनको घर भेज दिया गया है जहां पर कोरबा अस्पताल में ईलाज जारी है हालात नाजुक है ! दैनिक वेतन भोगी बड़ी मजबुर हो चुके है एक तरफसंगठन के सदस्य होने के नाते संगठन के हड़ताल में सामिल हो रहे है तो वही दुसरी तरफअधिकारी दमनकारी नीति अपनाते हुए कार्य से पृथक किये जाने का धमकी दिया जा रहा है, गुलामी कराने के लिये प्रताड़ित किया जा रहा है!

रायपुर में जितने भी अधिकारी है दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों इतना डराकर रख दिये है दहसत में डाल दिये है कि बंगला से निकल



नही पा रहे है! अगर ये दैनिक वेतन भोगी बंगला से निकलेगा तो अधिकारियों के यहां न पानी पिलाने वाला रहेगा न खाना बनाने व खिलाने वाला इसलिये दमनकारी नीति अपनाया जा रहा है और हड़ताल में सामिल नही होने के लिये दबाव बनाया गया है!

दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी 42 दिनो से हड़ताल में डंटे है शासन प्रशासन के द्वारा किसी भी प्रकार का निर्णय नही लिया जा रहा है जबकी यह मांग कैबिनेट का मामला नही है यह जो 09 सूत्रिय मांग है जिसमें 08 मांग स्वयं वन मंत्री जी पुरा कर सकता है उनके अधिकार क्षेत्र का मामला है वन मंत्री जी स्वयं पुरा कर सकता है लेकिन वन मंत्री जी के द्वारा निर्णय नही लेना समझ से परे है वो क्यों नही चाह रहा है कि दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का भला हो! छत्तीसगढ़ अन्य पिछड़ा वर्ग संगठन के प्रदेशाध्यक्ष सुरज निर्मलकर ,छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ के धरना स्थल में उपस्थित होकर अपना समर्थन दिया और कहा कि यह मांग जल्द पुरा करें इसके लिये मैं मुख्य मंत्री जी से मिलकर मांग को तत्काल पहल करने के लिये बात करुंगा, अगर आप लोगों के मांग को जल्द पुरा नही किया जायेगा तो छत्तीसगढ़ अन्य पिछड़ा वर्ग संगठन आपके जायज मांगो के समर्थन में मैदान में उतरेगा हड़ताल में सांथ देगा ! छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने अपनी 09 सूत्रीय मांगो को लेकर कैबिनेट के सभी मंत्री व विधायकों से मिलकर निवेदन कर चुके है! वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी जी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि कार्यभारित आकस्मिकता निधि व स्थायीकरण के प्रस्ताव अगर वन मंत्री मेरे पास भेजते है तो मैं राशि देने के लिये तैयार हुं हम ये दोनो मांग दे सकते है कहा गया है!

कार्यभारित आकस्मिकता निधि केवल कुछ गिने चुने वर्स डिपार्टमेंट में लागु होता है जिसमें वन विभाग भी सामिल है इसलिये वन विभाग में लागु किये जाने का मांग कर रहे है हड़ताली कर्मचारी, हड़ताली कर्मचारियों ने बताया कि सरकार व हमारे विभाग के अधिकारी जब तक कार्यभारित आकस्मिकता निधि सेवा नियम एवं स्थायीकरण के मांग को पुरा नही करेगा तब तक तुता धरना स्थल से नही हटेंगें कह रहे है इस परिस्थिति में वन मंत्री, अपर मुख्य सचिव वन विभाग, प्रधान मुख्य वन संरक्षक को इनके दो मांग को पुरा कर देना चाहिये जो हड़ताली कर्मचारी मांग कर रहे है! जिसमें प्रांतिय पदाधिकारी,संभाध्यक्ष श्री संतोष सोनी संभागउपाध्यक्ष श्री जुनैद कुरैशी जिलाध्यक्ष राजनांदगांव श्री विकास पटेल कार्यकारिणी अध्यक्ष श्रीमति चेमन बाई उपाध्यक्ष श्री जनकलाल चौधरी कोषाध्यक्ष श्री अमित तुमाने व समस्त सम्मानिय सदस्यों ने बताया कि अब दैनिक वेतन भोगियों ने ठान लिया है कि हमारे दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के बलिदान को व्यर्थ जाने नही देंगें, लिखित आदेश लेकर ही घर वापसी करेंगें !

# छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति के प्रांतीय अधिवेशन में जिले से बड़ी संख्या में राजधानी जाएंगे कवि/ साहित्यकार

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति का प्रांतीय अधिवेशन कल 23 सितंबर सोमवार को राजधानी रायपुर में होने जा रहा है। जहां पूरे प्रदेश भर के बड़ी ?संख्या में कवि साहित्यकारों की उपस्थिति बनी रहेगी। उक्त प्रांतीय अधिवेशन में छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति के जिला अध्यक्ष - आत्माराम कोशा? अमात्य , सचिव लखन लाल साहू लहर डॉ, शंकर मुनि राय सहित कवि/ गीतकार प्यारे लाल देशमुख, कहानीकार - मानसिंह ठाकुर मौलिक, किशोर माहेश्वरी कवि / साहित्यकार ओमप्रकाश साहू अंकुर, वीरेंद्र तिवारी वीरु महेंद्र बघेल मधु राजकुमार चौधरी रौना फक्कीर साहू फक्कड़ पवन यादव पहुना रौशन साहू मोखला आनंदराम सार्वा थनवार निषाद सचिन, डोहरु राम आदि सहित बड़ी संख्या में कवि / साहित्यकार व छत्तीसगढ़ी के लेखक व रचना धर्मी भाग लेने जा रहे हैं। उक्ताशय की जानकारी देते हुए साहित्य समिति के सचिव





लखन लहर ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के तहत पहली सत्र में छत्तीसगढ़ी वाचिक परम्परा-बोली से भाषा तक विषय पर विद्वत साहित्यकारो की परिचर्चा आयोजित है। तत्पश्चात दूसरे सत्र में पूर्व संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री- बृजमोहन अग्रवाल (सांसद) सहित डॉ महंत राम सुंदर दास, पद्मश्री अनुज शर्मा, गुरु खुशवंत दास वह छ0 ग 0 राजभाषा आयोग की सचिव डॉ, अभिलाषा बेहार जी की उपस्थिति में कला एवं साहित्य सम्मान का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर अधिवेशन कार्यक्रम में पधारे कवि/ साहित्यकारों का रंगारंग कवि सम्मेलन भी आयोजित है।श्री लहर ने जिले के सभी कवि/ साहित्यकारों को समय पर रायपुर के सिविल लाइन स्थित वृंदावन हाल कार्यक्रम स्थल में पहुंचने की अपील की है।

# मिडिल स्कूल बघेरा में बॉटल ब्रिक्स बनाकर मनाया गया स्वच्छता त्यौहार



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासन की योजना अंतर्गत दिनांक 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे स्वच्छता त्योहार, स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बघेरा विकासखंड राजनांदगांव में स्कूली छात्रों द्वारा बॉटल ब्रिक्स का निर्माण किया गया एवं इसकी सहायता से 4 क्र सिद्धांत, भारत का नक्शा एवं चश्मा बनाकर स्वच्छ भारत का संदेश दिया गया। बोतल ब्रिक्स का निर्माण पर्यावरण को सुरक्षित रखने सिंगल यूज प्लास्टिक एवं सिंगल यूज पॉलिथीन का पुनर्चक्रण करने का संदेश दिया गया। मिडिल स्कूल बघेरा में छात्रों की संख्या 152 है एवं 152 बॉटल ब्रिक्स ही सचिव एवं सरपंच महोदय ग्राम पंचायत बघेरा को सौंपा गया इस तरह से मिडिल स्कूल बघेरा द्वारा शत प्रतिशत बॉटल ब्रिक्स का निर्माण किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बघेरा के सरपंच हरीश देशमुख हायर सेकेंडरी स्कूल के अध्यक्ष दुर्जन लाल देवांगन सचिव मोहन साहू, संकुल प्राचार्य श्रीमती वायलेट सैमुएल, संकुल समन्वयक गुफ्रान मोहम्मद सिद्दीकी,शाला के शिक्षक गणों में श्रीमती मधुलिका विश्वकर्मा, प्रीति शर्मा ,कुमारी सुनीता ठाकुर, संजीव जांगड़े प्रधान पाठक तुका दास मंडले, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवम् ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# लीनेस क्लब के एरिया आफिसर व डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट के अधिकारिक यात्रा पर निर्धन महिला को सिलाई मशीन प्रदान

## होटल राज इंपीरियल में लीनेस महिलाओं का एरिया कांफ्रेंस आयोजित

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** आल इंडिया लीनेस क्लब के एरिया आफिसर व डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट के शहर आगमन पर होटल राज इंपीरियल में लीनेस एरिया कांन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ली0 दीपा घई , ली0रश्मि अग्रवाल, ली0 नूतन गंधोक , ली0 सोनाली ओस्तवाल, ली0 सरोज कोटड़िया, ली0 बरखा बाफना वह एरिया आफिसर माला शुक्ला सहित पूर्व मल्टीपल एडवाइजर वह मल्टीपल सचिव ली0 शारदा तिवारी जी ने शहर की एक निर्धन महिला को उनके जीवन निर्वाह के लिए सिलाई मशीन प्रदत्त किया गया। सेवा भावी महिलाओं की संस्था लीनेस क्लब द्वारा लखोली बैगापारा निवासी उक्त गरीब महिला को सिलाई मशीन मिलने पर उन्होंने काफी खुशी महसूस की । इस अवसर पर एरिया कांफ्रेंस में उपस्थित लीनेस महिलाओं को संबोधित करते हुए अपने आधिकारिक यात्रा में सतना ( मैहर ) से



संस्कारधानी नगरी पधारी डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट ली0 दीपा घई ने कहा कि लीनेस क्लब का उद्देश्य काश्मीर से कन्याकुमारी तक पीड़ित मानवता की सेवा करना है,और यह कार्य स्वयं के खर्च द्वारा पीड़ित लोगों के लिए किया जाता है ।उन्होंने बताया कि लीनेश महिलाओं द्वारा रक्त शिविर, नेत्र शिविर, नशा बंदी, बच्चों के विकास कार्यादि के अलावा निर्धन कन्या विवाह में योगदान ,जरुरत मंदो को भोजन व पर्यावरण संबंधी कार्य किया जाता है। उन्होंने कहा कि जहां भरोसा है जहां पीड़ित मानवता की सेवा है, वहां लीनेस है । जहां पर्यावरण है जहां जागरुकता है, वहां लीनेस है। इस अवसर पर अवार्ड वितरण व लक्की ड्रा का कार्यक्रम भी किया गया। जिसमे पूर्व मल्टीपल संरक्षक ली0 रत्ना जी , पूर्व मल्टीपल प्रेसीडेंट ली0 मृदुला रोजदार, ली0 अंजू कटारे, ताहिरा अली, ली0सचिव शोभा चौरसिया, ली0 साधना तिवारी,ली0 शोभा चोपड़ा,ली0 मीनू जैन, मोना गोसाईं, अमिता जैन, आशा गुप्ता कंचन चौबे, सुषमा गुप्ता,रीटा पुजारा,टीना खंडेलवाल सोनाली जी सहित लीनेस महिलाएं उपस्थित थे। उपस्थितों का आभार प्रदर्शन लीनेस एरिया सचिव बरखा बाफना ने किया। उक्ताशय की जानकारी ली0 बरखा द्वारा दी गई।

## धर्म समाचार....

# लड्डू गोपाल को इन चीजों से करवाएं स्नान, दुख-दरिद्रता का नहीं रहेगा कोई स्थान



हिंदू मान्यताओं के अनुसार लड्डू गोपाल की सेवा किसी छोटे बालक की तरह करने का विधान है। कहा जाता है कि रोजाना विधि-विधान पूर्वक लड्डू गोपाल जी की पूजा-अर्चना करने से घर में सुख-समृद्धि का वास बना रहता है। ऐसे में चलिए जानते हैं कि आप लड्डू गोपाल को किस तरह स्नान करवा सकते हैं ताकि उनकी कृपा आपके ऊपर बनी रहे।

आपने अधिकतर घरों में लड्डू गोपाल जी को विराजमान देखा होगा। भक्त, लड्डू गोपाल का ख्याल घर के किसी सदस्य की तरह ही रखते हैं। लड्डू गोपाल जी की पूजा में उन्हें नियमित रूप से स्नान करवाना, वस्त्र पहनना और भोग लगाना शामिल होता है। लड्डू गोपाल जी को स्नान करवाना भी उनकी पूजा का अहम हिस्सा है। ऐसे में चलिए जानते हैं कि आप लड्डू गोपाल जी को किन-किन चीजों से स्नान करवा सकते हैं।

**प्रसन्न होंगे लड्डू गोपाल**

शुभ फलों की प्राप्ति के लिए आप लड्डू गोपाल को गोपी चंदन से भी स्नान करवा सकते हैं। गोपी चंदन को लड्डू गोपाल जी का प्रिय माना गया है। ऐसे में यदि आप इससे कान्हा जी को स्नान करवाते हैं, तो घर-परिवार में शुद्धता भी बनी रहती है और लड्डू गोपाल जी प्रसन्न होते हैं।

**मिलेगा कान्हा जी का आशीर्वाद**

लड्डू गोपाल जी को पंचामृत से स्नान करवाने का भी विशेष महत्व माना गया है। पंचामृत मुख्य रूप से दूध, दही, शहद, गंगाजल और घी को मिलाकर बनाया जाता है। स्नान करने के बाद आप इस पंचामृत का प्रसाद के रूप में भी उपयोग कर सकते हैं। ऐसा करने से आपको कान्हा जी का आशीर्वाद मिलता है।

**कराएं इन चीजों से स्नान**

आप लड्डू गोपाल जी को दूध में केसर मिलाकर भी स्नान करवा सकते हैं। इससे घर में सकारात्मक बनी रहती




है और लड्डू गोपाल जी का आशीर्वाद आपके और आपके परिवार पर सदैव बना रहता है।

**लगाएं इन चीजों का भोग**

स्नान करवाने के बाद लड्डू गोपाल जी को अपनी श्रद्धा के अनुसार, माखन मिश्री, लड्डू, खीर या फिर हलवे का भोग लगा सकते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि भोजन हमेशा सात्विक होना चाहिए और साफ-सुथरा तरीके से बना होना चाहिए। लड्डू गोपाल जी के भोग में तुलसी दल डालना न भूलें। साथ ही भोग लगाते समय इस मंत्र का जाप करें, ताकि आपका भोग जल्दी स्वीकार्य हो -

**त्वदीयं वस्तु गोविन्द तुभ्यमेव समर्पये। गृहाण सम्मुखो भूत्वा प्रसीद परमेश्वर ।।'**

## इन दिनों में भूलकर भी न जलाएं तुलसी पर दीपक, अच्छे की जगह मिलेंगे बुरे परिणाम

हिंदू धर्म में तुलसी के पौधे की पूजा का विशेष महत्व माना गया है। पूजा के दौरान तुलसी पर दीपक जलाने का भी विधान है। इससे घर में सुख- समृद्धि का वास बना रहता है। लेकिन तुलसी पर दीपक जलाने से पहले आपको इससे जुड़े कुछ नियमों को जरूर जान लेना चाहिए ताकि आपको इसके केवल शुभ परिणाम ही प्राप्त हों।



**इस दिन न जलाएं दीपक**- धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, तुलसी पर रविवार के दिन न तो जल अर्पित करना चाहिए और नहीं दीपक जलाना चाहिए। क्योंकि ऐसा माना जाता है कि इस दिन तुलसी माता, भगवान विष्णु के निमित्त व्रत करती हैं और इस दौरान दीपक जलाने से उनके व्रत में व्यवधान उत्पन्न हो सकता है।

**बढ़ सकती हैं दिक्कतें**- रविवार के साथ-साथ सूर्य या फिर चंद्र ग्रहण के दौरान भी तुलसी पूजा करना और तुलसी पर दीपक जलाना शुभ नहीं माना जाता। इस दिन तुलसी के पत्ते भी नहीं तोड़ने चाहिए, अन्यथा मां लक्ष्मी आपसे रुष्ट हो सकती हैं। जिस कारण आपको काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

**पितृ पक्ष का भी रखें ध्यान**- पितृ पक्ष में तुलसी से जुड़े विशेष नियमों का ध्यान जरूर रखना चाहिए, क्योंकि इससे आपको पितरों की कृपा प्राप्त हो सकती है। पितृ पक्ष में तुलसी के पौधे को स?पर्श करने की मनाही होती है। इसलिए पितृ पक्ष में तुलसी को छूने से बचना चाहिए। इसी के साथ श्राद्ध पक्ष में भूल से भी तुलसी की पत्तियां नहीं तोड़नी चाहिए, वरना इससे पितृ नाराज हो सकते हैं।

nandgaon times sep--22-1.qxd 9/21/2024 10:47 PM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971



# शासकीय स्कूल में धड़ल्ले से आयोजन हो रहे हैं गैर शैक्षणिक कार्यक्रम

## बांधाबाजार संकुल के टोलागांव प्राथमिक शाला में आयोजित गैर शैक्षणिक कार्यक्रम, नौकरी शासकीय, तनख्वाह शासन का, शिक्षक कर रहे हैं काम अपने मन का

**अफशान खान, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी**

**अंबागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** नौकरी शासकीय, तनख्वाह शासन का आदिवासी बहुल्य क्षेत्र के गांवों में स्थापित सरकारी स्कूलों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को अध्यापन कार्य करायें या ना कराये मर्जी अपनी कुछ इसी सरकारी ढर्रे पर चल रहे शिक्षा व्यवस्था के आलम के बीच एक दर्जन के लगभग शिक्षक अध्यापन कार्य को छोड़कर अपने-अपने स्कूलों में फर्जी हाजिरी दर्ज करते हुए बांधाबाजार संकुल के टोलागांव प्राथमिक शाला में आयोजित गैर शैक्षणिक गतिविधि में शामिल होते हुए सम्मान समारोह में शामिल होने का मामला सामने आया है

उल्लेखनीय है कि 5 सितंबर शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर गांवो से लेकर जिला ,प्रदेश सहित पूरे देश में शिक्षकों के लिए कई तरह के कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें पुजते हुए उनका सम्मान किया गया इधर शिक्षक दिवस को समाप्त हुए 15 दिन बीत चुके हैं और यह सिलसिला अब भी खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। मामला बांधाबाजार संकुल स्रोत भाग 1 के ग्राम टोलागांव प्राथमिक शाला का है जहां 17 सितंबर को स्कूल समय में प्रधान पाठक भंजन साहु के द्वारा विकासखंड के लगभग एक दर्जन शिक्षक, तथा कई संकुल समन्वयको को शिक्षक सम्मान समारोह के नाम पर स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें आमंत्रित किया गया। इस गैर शैक्षणिक गतिविधि में शामिल होने स्कूल समय में फर्जी उपस्थिति दर्ज कर शासकीय स्कूलों में पदस्थ शिक्षक एवं सकुल समन्वयको का जमावड़ा अपने मूल कर्तव्यों को छोड़कर वहां पहुंचा हुआ था। बताया गया कि कार्यक्रम के लिए बाकायदा आमंत्रण कार्ड छपवाया गया था



जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसके धीवर, बीआरसी संतोष पांडे को भी आमंत्रित किया गया था परंतु अधिकारी कार्यक्रम से दूरी बनाए हुए थे। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्राथमिक शाला टोलागांव में पदस्थ प्रधान पाठक भंजन साहू के द्वारा आयोजित गैर शैक्षणिक कार्यक्रम के लिए किसी भी तरह का विभाग से प्रशासनिक अनुमति नहीं लिया गया था टोलागांव के ग्रामीणों ने बताया कि कार्यक्रम पूर्णता : प्रधान पाठक और उसी स्कूल में पदस्थ उनकी पत्नी सहायक शिक्षिका रूपेश्वरी साहू के द्वारा आयोजित की गई थी जिसमें छात्र-छात्राओं का अध्यापन छोड़ स्कूल समय में शिक्षकों का झुंड उक्त कार्यक्रम का हिस्सा बनते हुए एक दूसरे का सम्मान कराते रहे।

**छात्र-छात्राओं को अध्यापन कराने से होगा सम्मान**

मामले में जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव ने कहा की शासकीय स्कूलों में छात्र-छात्राओं को निष्ठा पूर्वक अध्यापन कराने से गुरुजनों को सम्मान मिलेगा इस तरह के गैर शैक्षणिक शासकीय स्कूल में पढ़ाई को बाधित कर कार्यक्रम आयोजित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई तय होनी चाहिए।

**प्रशासनिक अनुमति के बिना कार्यक्रम**

शिक्षक दिवस को संपन्न हुए 15 दिन बीत गए हैं उच्च अधिकारियों के अनुमति के बिना शाला समय में छात्र-छात्राओं को पढ़ाने के बजाय गैर शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं अम्बागढ़ चौकी विकासखंड के दर्जन भर शिक्षक एवं कई संकुल समन्वयक उक्त कार्यक्रम में शामिल हुए।

**स्कूलों में उपस्थित, कार्यक्रम में शिक्षक**

बताया गया कि शिक्षक दंपति द्वारा 17 सितंबर को टोलागांव प्राथमिक शाला में आयोजित शिक्षक समारोह में अंबागढ़ चौकी विकासखंड के दर्जन भर से अधिक शिक्षक कई संकुल समन्वय कार्यक्रम के हिस्सा थे जिनके द्वारा अपने-अपने स्कूलों में उपस्थिति दर्ज कर शाला समय में वे लोग टोलागांव प्राथमिक शाला के कार्यक्रम में मौजूद थे।

> पूरे मामले की जानकारी ली जा रही है कि यह कार्यक्रम किसने और क्यों आयोजित किया था।
>
> **फत्तेराम कोसरिया, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी, मोहला**

# अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे बने एन आई एस पटियाला के एक्सपर्ट अतिथि व्याख्याता

## रचा इतिहास : विश्व प्रसिद्ध राष्ट्रीय क्रीड़ा संस्थान मे प्रशिक्षु कोचों को देंगे प्रशिक्षण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ के अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे को देश की प्रतिष्ठित खेल संस्था, खेलो के मक्का कहे जाने वाले राष्ट्रीय क्रीड़ा संस्थान (एन आई एस) पटियाला में एक्सपर्ट अतिथि व्याख्याता के रूप में आमंत्रित किया गया है। यह छत्तीसगढ़ राज्य के लिए गर्व का क्षण है, क्योंकि पहली बार राज्य के किसी खिलाड़ी को इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का अवसर प्राप्त हुआ है। मृणाल के उत्कृष्ट अंतर्राष्ट्रीय हॉकी प्रदर्शन और एन आई एस के डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स कोचिंग में प्रथम रैंक के साथ ए ग्रेड प्राप्त करने की वजह से उन्हें यह ऐतिहासिक आमंत्रण मिला है। मृणाल अब एन आई एस पटिआला में प्रशिक्षु कोचों को प्रशिक्षण देते हुए अपने अनुभवों को साझा करेंगे।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने मृणाल की इस उपलब्धि की प्रसंशा करते हुए कहा छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी बहुमुखी प्रतिभा के धनी होते है, मृणाल की इस उपलब्धि से हॉकी नर्सरी राजनांदगाँव का मान बढ़ा है। इस मौके पर छत्तीसगढ़ हॉकी संघ के अध्यक्ष फ़िरोज़ अंसारी ने कहा, मृणाल चौबे खेल और शिक्षा के बीच संतुलन की एक मिसाल हैं। उनके खेल के क्षेत्र में दिए गए योगदान ने छत्तीसगढ़ का



मान बढ़ाया है। छत्तीसगढ़ हॉकी के सचिव मनीष श्रीवास्तव ने कहा मृणाल ने भारतीय हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी शिक्षा में भी उत्कृष्टता प्राप्त की है। उन्होंने स्कूल और कॉलेज की पढ़ाई प्रथम श्रेणी में पूरी की और अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित कैग के ऑडिट ऑफिसर परीक्षा को भी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया। वर्तमान में वे कार्यालय महालेखाकार लेखा परीक्षा छत्तीसगढ़ में असिस्टेंट ऑडिट ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। खेल के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मृणाल चौबे को गुंडाधुर सम्मान, शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार, शहीद कौशल यादव सम्मान से नवाजा जा चुका है, साथ ही वे राज्य के उत्कृष्ट खिलाड़ी भी घोषित किए जा चुके हैं। मृणाल की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर राजनांदगाँव विधायक विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डेय, महापौर हेमा सुदेश देशमुख, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फ़िरोज़ अंसारी, महासचिव मनीष श्रीवास्तव, जिला हॉकी संघ राजनांदगाँव के सचिव शिव नारायण धकेता सहित राजनांदगाँव के समस्त वरिष्ठ एवं युवा खिलाड़ी तथा शहर के खेल प्रेमी जनता ने मृणाल चौबे को बधाई दी।

# साय सरकार में अपराध का गढ़ बन रहा छत्तीसगढ़ : चुम्मन साहू

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रदेश के कवर्धा जिले में गत दिनों हुई घटना निंदनीय है। इस घटना पर राज्य सरकार की जितनी निंदा की जाए वो कम है। भाजपा सरकार आने के बाद से ही प्रदेश में कानून व्यवस्था बेहाल है। ऐसा लगता है भाजपा सरकार में गुंडे, बदमाश नशाखोरों में जैसे कानून नाम



का डर नहीं रह गया है और उन्हें अपराध करने के लिए खुली छूट मिल गई। जिसका ताजा उदाहरण कवर्धा जिले की घटना है। उक्त बातें जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू ने कही। उन्होंने भाजपा की साय सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि साय सरकार के महज 8 माह के कार्यकाल में भले ही जनता का काम साय साय नही हुआ होगा पर अपराध जरूर साय-साय हो रहा है।जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू ने कहा प्रदेश में हो रहे अपराध को देखते हुए सरकार के गृहमंत्री विजय शर्मा को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। क्योंकि जो घटना हुई है उनके गृह जिले की है। उन्होंने बीते कुछ दिनों के भीतर प्रदेशभर में हुई घटनाओं पर कहा कि प्रदेश में विष्णु का नहीं किसी और का ही सुशासन चलता हुआ नजर आ रहा है।

# अधिकारी जेल में कम हॉस्पिटल में ज्यादा समय काट रहा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कुछ भाजपा नेताओं के दबाव में रिश्वतखोर अधिकारी शासकीय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में विशेषज्ञ



डॉक्टरों की निगरानी में पिछले 1 सप्ताह से आराम फरमा रहें है, गौरतलब है, की कुछ दिनों पहले एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा उक्त अधिकारी को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया था। उक्त अधिकारी जेल में कम हॉस्पिटल में ज्यादा समय काट रहा है।

# विजय शर्मा के गृहमंत्री रहते पुलिस पूरे प्रदेश में साहुओं को कर रही टारगेट - भागवत साहू

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत



साहू ने पुलिस के खिलाफ कड़क बयान दिया है उन्होंने प्रदेश के गृह मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री तथा राजनांदगांव जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उनके राज में पूरे प्रदेश में साहू समाज के लोगों पर अत्याचार की अनेक घटनाएं सामने आ चुकी है। साहुओं पर निशाना साधकर बर्बरता पूर्वक कार्यवाही करने का आरोप लगाते हुए श्री साहू ने आगे बताया कि इस तरह प्रदेश के सबसे ज्यादा आबादी वाले समाज पर अत्याचार के खिलाफ पूरे प्रदेश भर के साहू समाज में आक्रोश व्याप्त है। जिला साहू संघ के अध्यक्ष ने आगे बताया कि सत्ता पार्टी के भाजपा के दबाव में आकर पुलिस जो अत्याचार कर रही है वह निंदनीय है। ऐसी स्थिति में विजय शर्मा को नैतिकता के नाते अपने सभी पदों से इस्तीफा दे देना चाहिए ।उन्होंने इसके अनेक उदाहरण दिए हैं ताजा घटनाक्रम कबीरधाम जिले के लोहारीडीह गांव का देते हुए कहा कि वहां पुलिस बर्बरता की जो तस्वीर और कहानी सोशल मीडिया पर वायरल हुई है। वह रूह काप देने वाली है। श्री साहू ने समाज के लोगों पर आए दिन हो रहे किसी न किसी बहाने अत्याचार के खिलाफ आंदोलन के रूपरेखा बन रहे होने की जानकारी दी है। उन्होंने आगे बताया कि प्रदेश साहू संघ के निर्देश पर राजनांदगांव जिला साहू संघ भी आंदोलन के लिए कमर कसकर तैयार खड़ा है। जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू ने बताया कि कल 22 सितंबर रविवार को साहू सदन में आयोजित जिला साहू संघ तहसील साहू संघ परीक्षेत्रीय साहू समाज और विभिन्न प्रकाष्ठों की संयुक्त बैठक में सर्वप्रथम मां कर्मा एवं भगवान जगन्नाथ की विधिवत पूजा आरती करके कबीरधाम जिले में पुलिस बर्बरता से प्रशांत साहू को श्रद्धांजलि दी जाएगी और इसी के साथ निंदा प्रस्ताव पारित जाएगा।

# एस.बी.आई. ने किया शिक्षकों का सम्मान





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय स्टेट बैंक कामठी लाईन स्थित मुख्य शाखा द्वारा जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति प्रमाण पत्र व पेन भेंटकर सम्मानित किया गया साथ ही सेवानिवृत्त शिक्षकों को भी इस अवसर पर स्मृति चिन्ह व उपहार देकर सम्मानित किया गया, बैंक के मुख्य शाखा प्रबंधक वरूण कुमार शुक्ला व उप प्रबंधक विजय फुटाने ने शासकीय कर्मचारियों के लिये बैंक द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा सतीश ब्यौहरे, महानदी परियोजना मंडल रायपुर के अधीक्षण अभियंता सुरेश सहारे, भिलाई इस्पात संयंत्र के वरिष्ठ प्रबंधक सालिक गणवीर, अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के राष्ट्रीय महासचिव चितरंजन कुमार पर्वत, प्रदेश अध्यक्ष खुलेश वर्मा, जिला परियोजना समन्वयक पी.आर.झाड़े, छुरिया विकासखंड शिखा अधिकारी प्रशांत चिरवतकर, स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक माधवनंद परेडा, मुख्य शाखा प्रबंधक वरूण कुमार शुक्ला, उप प्रबंधक विजय फुटाने, सहायक शिक्षक संजय खोब्रागढ़े, छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष रमेश साहू, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बोरी प्राचार्य अनिता सहारे, विशेष रूप से उपस्थित थे। आयोजकों द्वारा शिक्षकों के लिए भोजन व्यवस्था की गई थी इस अवसर पर राजनांदगांव, डोंगरगांव, छुरिया व डोंगरगढ़ विकासखंड के शिक्षक, शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# कन्हैयालाल कोठारी ने गौशाला पिंजरा पोल को 32.6 एकड़ जमीन दान में दी

## गौशाला पिंजरापोल ने इस पुनीत सेवा कार्य का आभार जताया



**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जीव दया और प्राणी मात्र की रक्षा के लिए 120 वर्ष पूर्व गठित संस्था गौशाला पिंजरापोल गौ संरक्षण एवं संवर्धन के नाम से पूरे प्रदेश में गौ सेवा के पर्यायवाची के नाम से जानी जाती है और समय-समय पर देश भर से कई भामाशाह इस गौशाला पिंजरापोल का अवलोकन करने आते रहते हैं,और यथायोग्य सहयोग भी देते रहते हैं। गौशाला पिंजरा पोल की गौ संरक्षण की सेवा से प्रभावित होकर शहर के कन्हैयालाल जी कोठारी एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती किरण देवी कोठारी द्वारा छुई खदान में कोरबा ग्राम में स्थित 32.6 एकड़ जमीन गौशाला पिंजरापोल को दान में दी गई। इस दौर में ऐसी अनुकरणीय सेवा भावना से दिए गए कन्हैयालाल कोठारी के इस महादान पर संस्था के सभी सदस्यों ने कोठारी परिवार की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए उनके परिवार को साधुवाद देते हुए उनके मंगल भविष्य की ईश्वर से कामना करते हुए गौशाला पिंजरापोल के अध्यक्ष खूबचंद पारख ने उन्हें आश्वस्त भी किया है की उनका किया गया यह पुनीत कार्य दीनहीन जीव जंतु एवं प्राणी मात्र की रक्षा में संजीवनी की भांति काम आएगा, जिसके पुण्यार्थ फल उन्हें अवश्य मिलेंगे। इस अवसर पर संस्था की ओर से पुरुषोत्तम गांधी, मनोज लड्ढा, रावल कोचर अरविंद शर्मा एवं अमित महोबिया विशेष रूप से उपस्थित थे।

# तलवार लहराकर मोहल्ले में उत्पात मचाने वाले युवक को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

## मामला- दंतेश्वरी पारा में तलवार लहराकर मोहल्ले वासियों को मारने पीटने की धमकी , 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत की गई कार्यवाही

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** मोहल्ले में खुलेआम तलवार लेकर मोहल्ले वासियों को मारने की धमकी देने वाले नशेड़ी युवक को तलवार के साथ रंगे हाथ धर दबोचने में पुलिस को सफलता मिली है। इन दिनों बच्चों और युवाओं में नशा इस कदर हावी हुआ है कि वे नशे की आगोश में कोई भी क्राइम करने से बाज नहीं आ रहे है। वही दंतेश्वरी पारा के मोहल्लेवासियों ने बताया कि इस युवक के कारण पूरा मोहल्ले के लोग परेशान है। वार्डवासी 19 सितम्बर की देर शाम थाना पहुंचे थे और बताया गया था कि इस युवक ने नशे के आगोश मे मदमस्त हो मोहल्ले के सार्वजनिक कुँए में पेशाब कर दिया था और मना करने पर तलवार लेकर मारने पीटने की धमकी देता है। शिकायत के दूसरे दिन भी तलवार लेकर गाली गुफ़्तार कर





मोहल्ले वासियों से झगड़ा कर रहा था जिसकी शिकायत दोबारा थाने में दी गई और सूचना मिलते ही पुलिस ने युवक को तलवार लहराते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। वही पुलिस से प्राप्त जानकारी में बताया गया कि 20 सितम्बर 2024 शाम 07:00 बजे के करीब उमेश पाण्डे पिता स्व0 माधो प्रसाद पाण्डे उम्र-23 साल साकिन दंतेश्वरी पारा डोंगरगढ़, थाना डोंगरगढ़ छ0ग0 का जो दंतेश्वरी पारा मंदिर के पास के पास अवैध रूप से लोहे का तलवार रखकर लोगों को दिखाकर, तलवार लहराकर डरा धमका रहा था जिससे वार्ड में अंशांति का माहौल उत्पन्न हो रहा है कि रिपोर्ट पर डोंगरगढ़ पुलिस आरोपी के विरूद्ध धारा- 25, 27 आर्म्स एक्ट का कार्यवाही कर आरोपी से एक नग लोहे का तलवार जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com